PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Amar Ujala, Delhi
Sat, 10 Jun 2017, Page 14
Width: 16.51 cms, Height: 26.08 cms, a4, Ref: 29.2017-06-10.126

'मोदी फेस्ट' में बजेगी किसान कल्याण धुन

हिमांशु मिश्र

नई दिल्ली।

किसान आंदोलन से चिंतित भाजपा ने सरकार के तीन साल पूरे होने पर मोदी फेस्ट में किसानों से जुड़े कार्यक्रमों को प्रचारित करने को कहा है। मोदी सरकार के तीन साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाने के लिए देश भर में हो रहे मोदी फेस्ट में शामिल होने वाले नेताओं को इसके लिए खास हिदायत दी गई है।

शीर्ष नेतृत्व ने पार्टी प्रवक्ताओं को इस मामले में कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों की किसान नीति पर आक्रामक रुख अपनाने का भी निर्देश दिया है। कार्यक्रम की इस कड़ी में शुक्रवार को गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने जयपुर में तो पार्टी अध्यक्ष अमित शाह ने रायपुर में मोदी फेस्ट कार्यक्रम में किसान कल्याण कार्यक्रमों का जम कर बखान किया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि उपलब्धियां गिनाने के कार्यक्रम में किसानों से जुड़ी योजनाओं का एजेंडा शामिल था, मगर आंदोलन के बाद से किसान कल्याण से जुड़ी उपलब्धियों को सबसे प्रमुखता से गिनाने का निर्देश दिया गया है।

आंदोलन से चिंतित भाजपा ने किसान कल्याण कार्यक्रमों के बारे में बताने को कहा

भाजपा शासित राज्यों को खासतौर पर किसानों से जुड़े मुद्दों पर बेहद संवेदनशील रुख अपनाने और किसान संगठनों के संपर्क में रहने को कहा गया है। यही कारण है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को शांति बहाली के लिए उपवास रखने की घोषणा की। पार्टी नेताओं और प्रवक्ताओं को किसान आंदोलन की बजाय कांग्रेस के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने के लिए कहा गया है।